>

Title: Need to convert N.H. 104 between Chakiya and Sheohar in Bihar into two-lane.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-104 के खंड चकिया से शिवहर के बीच 40 किलोमीटर का राजमार्ग दस वर्षों से सिंगल लेन का है और सिंगल लेन का राजमार्ग होने के कारण कई गंभीर दुर्घटनाएं समय-समय पर होती रहती है। उक्त राजमार्ग के इस खंड को छोड़कर बिहार के सभी राजमार्ग के दो लेन हेतु दोहरीकरण के कार्य को मंजूरी मिल गई है। इस मार्ग के बनने से पटना आने जाने के लिए काफी सुविधा मिल सकेगी। इस क्षेत्र में विकास संबंधी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है जिसमें सड़क की असुविधा भी एक बड़ा कारण है। मेरी निगाह में चकिया से शिवहर के बीच सड़क को हर लिहाज से चौड़ीकरण कर दो लेनों का करना अति आवश्यक हे एवं क्षेत्र के लोग आये दिन इस राजमार्ग सड़क की दयनीय एवं जर्जर हालत का उल्लेख करते हैं। एक जनप्रतिनिधि की हैसियत से मेरा अनुरोध है कि इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 104 खंड चकिया जीरो से शिवहर के बीच 40 किलोमीटर की सड़कों को दो लेन का बनाकर चौड़ीकरण किया जाये।

मैं सरकार से अनुरोध करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के पिछड़े इलाके में अवस्थित 104 राष्ट्रीय राजमार्ग के खंड चकिया से शिवहर के बीच दो लेन का राजमार्ग बनाकर चौड़ीकरण किया जाये जिससे इस खंड का यातायात सुगम ढंग से चल सके और इस राष्ट्रीय राजमार्ग के आस पास के पिछड़े इलाकों को विकास की राह मिल सके।